www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 2 June 27, 2010 Shift 1 Law Question Paper

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ....................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________
(In words)

**J 5 8 1 0**

**Test Booklet No.**

## PAPER-II
## LAW

Time : 1 $^{1}/_{4}$ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# LAW
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** Requirement of 'reasonableness' runs like a golden thread through the entire fabric of fundamental rights is held in

(A) Keshavananda Bharthi V. State of Kerala

(B) Indra Sawhney V. Union of India

(C) Vishaka V. State of Rajasthan

(D) Maneka Gandhi V. Union of India

**2.** 'Right to life' does not include 'right to die'. It has been held in case of

(A) P. Rathinam V. Union of India

(B) Bandhua Mukti Morcha V. Union of India

(C) A.K. Gopalan V. State of Madras

(D) Gian Kaur V. State of Punjab

**3.** Fundamental Rights are

(A) Unrestricted Rights

(B) Absolute Rights

(C) Restricted Rights

(D) None of the above

**4.** Right against 'Double Jeopardy' is guaranteed under

(A) Article 21

(B) Article 20(1)

(C) Article 20(2)

(D) Article 22(1)

**5.** **Assertion (A) :** An accused person cannot be compelled to give his thumb impression, except for comparison.

**Reason (R) :** It amounts to self incrimination.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true and (R) is not correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**6.** Which of the following writ can be issued against the usurpation of Public Office ?

(A) Writ of Mandamus

(B) Writ of Certiorari

(C) Writ of Quo warranto

(D) Writ of Prohibition

**7.** Consider the following statements :

I. Equitable ownership always pre-supposes the existence of a legal ownership.

II. When property is given by A to B for the benefit of C, B becomes the legal owner and C the equitable owner.

III. In many cases, equity recognizes ownership whereas law does not recognize ownership owing to some flaw or defect.

IV. Contingent ownership is <u>spes successionis</u>

**Codes :**

(A) I, II and III are correct

(B) II and III are correct

(C) I and II are correct

(D) III and IV are correct

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

# विधि

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** 'युक्तियुक्तता की अपेक्षा, स्वर्ण धागे की तरह से मौलिक अधिकारों के सम्पूर्ण तन्तु में से जाती है', यह निम्नलिखित में माना गया है :

(A) केशवानंदा भारती बनाम केरल राज्य

(B) इन्द्रा साहनी बनाम भारत संघ

(C) विशाका बनाम राजस्थान राज्य

(D) मेनका गांधी बनाम भारत संघ

**2.** 'जीने के अधिकार' में 'मृत्यु का अधिकार' समाविष्ट नहीं है । यह निम्नलिखित वाद में माना गया है :

(A) पी. रथिनाम बनाम भारत संघ

(B) बन्धुआ मुक्ति मोर्चा बनाम भारत संघ

(C) ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य

(D) ज्ञान कौर बनाम पंजाब राज्य

**3.** मौलिक अधिकार

(A) अप्रतिबन्धित अधिकार है ।

(B) निरपेक्ष अधिकार है ।

(C) प्रतिबन्धित अधिकार है ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं है ।

**4.** 'दोहरे खतरे' के विरुद्ध अधिकार की गारन्टी निम्नलिखित के अंतर्गत की जाती है :

(A) अनुच्छेद 21

(B) अनुच्छेद 20(1)

(C) अनुच्छेद 20(2)

(D) अनुच्छेद 22(1)

**5.** **अभिकथन (A) :** अभियुक्त व्यक्ति को, सिवाय तुलना के लिये, अपने अंगूठे की छाप देने के लिये विवश नहीं किया जा सकता है ।

**कारण (R) :** इससे आत्म अभिशंसन होता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**6.** लोक कार्यालय को हथियाने के विरुद्ध निम्नांकित में से कौन सा 'रिट' जारी किया जा सकता है ?

(A) परमादेश लेख

(B) उत्प्रेषण लेख

(C) अधिकार पृच्छा का लेख

(D) प्रतिषेध लेख

**7.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. साम्यापूर्ण स्वामित्व सर्वदा विधिक स्वामित्व के अस्तित्व का पूर्वानुमान करता है ।

II. जब 'A' द्वारा 'C' के हित के लिए 'B' को सम्पत्ति दी जाती है, तो 'B' विधिक स्वामी तथा 'C' साम्यापूर्ण स्वामी हो जाता है ।

III. बहुत सी स्थितियों में, साम्या स्वामित्व को मान्यता देती है, जबकि विधि कतिपय दोष या कमी के कारण स्वामित्व को मान्यता नहीं देती है ।

IV. समाश्रित स्वामित्व स्पेस सक्सेसनिज है ।

**कूट :**

(A) I, II एवं III सही हैं ।

(B) II एवं III सही हैं ।

(C) I एवं II सही हैं ।

(D) III एवं IV सही हैं ।

8. **Assertion (A) :** Ownership is not only a juridical concept but also a social concept and an instrument of social policy.

**Reason (R) :** The right of alienation is not a necessary incident of ownership.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

9. H.L.A. Hart is a

(A) Linguistic philosopher

(B) Realist philosopher

(C) Socialist philosopher

(D) Post-modernist philosopher

10. Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below :

| **List – I (Theories)** | **List – II (Jurists)** |
|---|---|
| I. The general will theory | 1. Kelsen |
| II. Justice as common good | 2. Ihering |
| III. Law as a means to achieve social ends | 3. Rousseau |
| IV. Grundnorm theory | 4. Finnis |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

11. X, plaintiff found a parcel of notes on the floor of Y, the defendant's shop. Who is in possession of notes ?

(A) X

(B) Y

(C) Government

(D) Both X and Y

12. Consider the names of the following natural law jurists :

I. Morris II. Stammler

III. Rawls IV. Jerome Hall

The chronological order in which these jurists appeared on the scene :

(A) IV, II, I and III

(B) I, III, II and IV

(C) III, II, IV and I

(D) II, III, I and IV

13. Which of the following is principal organ of the United Nations ?

(A) Human Rights Committee

(B) Economic and Social Council

(C) International Labour Organization

(D) International Law Association

14. India is not a party to

(A) International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights, 1966.

(B) International Covenant on Civil and Political Rights, 1966.

(C) Optional Protocol to International Covenant on Civil and Political Rights, 1966.

(D) Convention on Elimination of Discrimination against Women (CEDAW), 1979.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**8.** **कथन (A)** : स्वामित्व न केवल एक विधिक संप्रत्यय है अपितु एक सामाजिक संप्रत्यय एवं सामाजिक नीति का उपकरण भी है ।

**कारण (R)** : अंतरण का अधिकार स्वामित्व का आवश्यक अभिलक्षण नहीं है ।

**कूट :**

(A) (A) एवं (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) एवं (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**9.** एच.एल.ए. हार्ट है

(A) भाषाविद दार्शनिक
(B) यथार्थवादी दार्शनिक
(C) समाजवादी दार्शनिक
(D) उत्तर-आधुनिकतावादी दार्शनिक

**10.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चुनाव कीजिए :

| सूची – I (सिद्धान्त) | सूची – II (विधिवेत्ता) |
|---|---|
| I. सामान्य इच्छा का सिद्धान्त | 1. केल्सन |
| II. सामान्य भलाई के रूप में न्याय | 2. इहरिंग |
| III. सामाजिक लक्ष्यों की प्राप्ति के साधन के रूप में विधि | 3. रूसो |
| IV. गुण्डनॉर्म का सिद्धान्त | 4. फिनिस |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**11.** ‘X’ वादी ने, ‘Y’ प्रतिवादी की दुकान के फर्श पर नोटों का एक पार्सल प्राप्त किया । उन नोटों पर किसका कब्जा है ?

(A) X
(B) Y
(C) सरकार
(D) X एवं Y दोनों

**12.** प्राकृतिक विधि से सम्बंधित विधिवेत्ताओं के निम्नलिखित नामों पर विचार कीजिए :

I. मोरिस II. स्टैमलर
III. राल्स IV. जेरोम हाल

सही क्रम जिसमें इन विधिवेत्ताओं का प्रादुर्भाव हुआ था, है :

(A) IV, II, I एवं III
(B) I, III, II एवं IV
(C) III, II, IV एवं I
(D) II, III, I एवं IV

**13.** संयुक्त राष्ट्र का मुख्य अंग निम्नांकित में से कौन सा है ?

(A) मानवाधिकार समिति
(B) आर्थिक एवं सामाजिक परिषद
(C) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन
(D) अंतर्राष्ट्रीय विधि संघ

**14.** भारत निम्नलिखित का पक्षकार नहीं है :

(A) अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकार प्रसंविदा, 1966
(B) अंतर्राष्ट्रीय नागरिक एवं राजनीतिक अधिकार प्रसंविदा, 1966
(C) अंतर्राष्ट्रीय नागरिक एवं राजनीतिक अधिकार प्रसंविदा, 1966 पर स्वैच्छिक उपसंधि
(D) महिला विरुद्ध भेदभाव उन्मूलन प्रसंविदा, 1979

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**15.** Treaty, in principle, binds the States parties to the treaty. A State becomes party to the treaty by

(A) signing the treaty
(B) ratifying or acceding to the treaty
(C) enacting domestic legislation to implement the treaty
(D) enforcing the treaty by way of conduct

**16.** Which of the following can request the International Court of Justice to give an advisory opinion ?

(A) State
(B) General Assembly
(C) International Law Commission
(D) Individual

**17.** Read Assertion (A) and Reason (R) and with the help of codes given below, point out the correct answer.

**Assertion (A) :** To promote and encourage respect for human rights is one of the purposes of the United Nations.

**Reason (R) :** The Charter of United Nations conceptualizes, substantiates and spells out human rights which are to be promoted by the member States.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is good explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not a correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**18.** Match the statement in List – I with its author in List – II and with the help of codes given below, point out the correct answer.

| **List – I (Statement)** | **List – II (Author)** |
|---|---|
| I. International law is not true law but positive international morality. | 1. John Austin |
| II. International customary law is deemed automatically to be part of common law. | 2. William Blackstone |
| III. Opino juris sive necessitatis is not a condition precedent for the existence of international custom. | 3. Michael Akehurst |
| IV. General Assembly Resolutions, in general, do not create legal obligation to comply with them but a resolution recommending to an administering State a specific course of action creates some legal obligation. | 4. Hersch Lauterpacht |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**19.** According to Muslim law, marriage is not solemnized only for the sexual enjoyment between two spouses, it is an act of ibadat.

(A) True
(B) False
(C) Partly true and partly false
(D) None of the above

15. सैद्धान्तिक तौर पर, सन्धि, राष्ट्रों के पक्ष को सन्धि के साथ बाँधती है । निम्नलिखित के द्वारा राष्ट्र सन्धि का पक्षकार बन जाता है :
(A) सन्धि पत्र पर हस्ताक्षर करके
(B) सन्धि को मान कर या उसका अनुसमर्थन करके
(C) सन्धि क्रियान्वित करने के लिये घरेलू कानून पारित करना
(D) आचार के जरिये सन्धि लागू करवाना

16. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय को परामर्शदायी राय देने के लिये निम्नलिखित में से कौन निवेदन कर सकता है ?
(A) राष्ट्र
(B) महासभा
(C) अंतर्राष्ट्रीय विधि आयोग
(D) व्यक्ति

17. अभिकथन (A) और कारण (R) पढ़िये और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर बताइये :

**अभिकथन (A) :** मानवाधिकारों के लिये सत्कार को बढ़ावा देना और उसे उत्साहित करना संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों में से एक है ।

**कारण (R) :** संयुक्त राष्ट्र का अधिपत्र मानवाधिकारों का प्रत्ययीकरण, अभिपुष्टि करता है और हिज्जे कर-करके उन्हें पढ़ता है जिन्हें सदस्य राष्ट्रों द्वारा बढ़ावा दिया जाता है ।

**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का उत्तम स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

18. सूची – I के कथनों का सूची – II के लेखकों से मिलान करें और नीचे दिये कूट की सहायता से सही उत्तर बताइये :

| **सूची – I (कथन)** | **सूची – II (लेखक)** |
|---|---|
| I. अंतर्राष्ट्रीय विधि यथातथ्य विधि नहीं है, परंतु सकारात्मक अंतर्राष्ट्रीय नैतिकता है । | 1. जॉन आस्टिन |
| II. अंतर्राष्ट्रीय प्रथागत विधि को स्वचालित रूप से लोक विधि का भाग समझा जाता है । | 2. विलियम ब्लैकस्टोन |
| III. अंतर्राष्ट्रीय प्रथा की मौजूदगी के लिये 'ओपिनो ज्युरिस साइव नेसेसिटेटिस' पूर्ववर्ती शर्त नहीं है । | 3. माइकल एकहर्स्ट |
| IV. महासभा के प्रस्ताव, सामान्यतया, उनके पालन के कानूनी दायित्व नहीं सृजित करते हैं, परन्तु वो प्रस्ताव जो शासी राष्ट्र को कार्यवाही की विशिष्ट दिशा बताता है वो कुछ कानूनी दायित्व उत्पन्न करता है । | 4. हर्ष लॉटेरपाश |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

19. मुस्लिम विधि के अनुसार, वर वधू के बीच विवाह का अनुष्ठान सिर्फ यौन आनन्द के लिये नहीं किया जाता है, यह इबादत का काम है ।
(A) सत्य
(B) मिथ्या
(C) आंशिक सत्य एवं आंशिक मिथ्या
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**20.** Which of the following is not a ground for Divorce under Hindu Marriage Act ?
(A) Cruelty
(B) Desertion
(C) Adultery
(D) Incompatible Temperamental Adjustment

**21.** Children born out of a union which is either void or voidable under Sections 11 & 12 of Hindu Marriage Act, 1955 shall be
(A) Bastard
(B) Deemed to be legitimate
(C) Illegitimate
(D) Legitimate

**22.** **A.** Nikah is a regular and permanent form of marriage among Muslims.
**R.** Muta is contractual form of marriage and is most uncommon in India.
(A) A and R above are correct.
(B) A is correct, R is false.
(C) R is correct, but A is wrong.
(D) Neither A is correct nor R is correct.

**23.** Which of the following is not a ground for divorce under the Dissolution of Muslim Marriage Act, 1939 ?
(A) Treating the wife with cruelty.
(B) That the whereabouts of the Husband have not been known for a period for more than four years.
(C) The Husband has been sentenced to imprisonment for a period of two years or upwards.
(D) That the husband has been insane for a period of two years or more.

**24.** Any Hindu Marriage which is not properly solemnized, it shall be
(A) Valid
(B) Voidable
(C) Void ab-initio
(D) None of the above

**25.** An acceptance given by post
(A) can be revoked at any time
(B) cannot be revoked at all
(C) can be revoked, if it does not reach to the proposer
(D) can be revoked, even if it comes to the knowledge of proposer

**26.** A promise to pay time barred debt is
(A) not enforceable
(B) enforceable at the discretion of debtor
(C) enforceable under exception
(D) none of the above

**27.** Which of the following statements is correct ?
(A) Third party can always sue for breach of contract.
(B) Wagering agreements are illegal.
(C) When consent is not free, agreement will always be voidable.
(D) Catalogue is an invitation to offer.

**28.** Two statements are given in this question. One is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R). Examine these statements and select the correct combination of the codes.
**Assertion (A) :** Partial acceptance is not acceptance.
**Reason (R) :** Acceptance must be absolute and unconditional.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are correct.
(B) Both (A) and (R) are wrong.
(C) (A) is correct, but (R) is wrong.
(D) (A) is false, but (R) is correct.

**20.** हिन्दू विवाह अधिनियम के अंतर्गत विवाह-विच्छेद के लिये आधार निम्नांकित में से कौन सा नहीं है ?

(A) निर्दयता
(B) निर्वसन
(C) जारकर्म
(D) बेमेल स्वभाव समायोजन

**21.** हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 11 एवं 12 के अंतर्गत शून्य या शून्यकरणीय घोषित विवाह से उत्पन्न बच्चे होंगे

(A) अधर्मज
(B) वैध समझे जाएँगे
(C) अवैध
(D) वैध

**22.** **A.** मुस्लिमों में निकाह नियमित और स्थायी रूप का विवाह है ।

**R.** मुता संविदात्मक रूप का विवाह है और भारत में सर्वाधिक अप्रचलित है ।

(A) A और R दोनों सही हैं ।
(B) A सही है और R मिथ्या है ।
(C) R सही है और A गलत है ।
(D) न तो A सही है और न R सही है ।

**23.** मुस्लिम विवाह विघटन अधिनियम, 1939 के अंतर्गत तलाक का आधार निम्नांकित में से कौन सा नहीं है ?

(A) पत्नी के साथ निर्दयता के साथ व्यवहार करना ।
(B) चार वर्षों से ज्यादा के समय से पति के बारे में कोई जानकारी नहीं है ।
(C) पति को दो या ज्यादा वर्षों के लिये कारावास का दंड मिला ।
(D) दो या ज्यादा वर्षों से पति पागल है ।

**24.** कोई भी हिन्दू विवाह जिसका उचित रूप से अनुष्ठान नहीं किया गया है, होगा

(A) वैध
(B) शून्यकरणीय
(C) प्रारम्भ से ही शून्य
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** डाक द्वारा दी गई स्वीकृति

(A) किसी भी समय प्रतिसंहरित की जा सकती है ।
(B) कभी भी प्रतिसंहरण नहीं की जा सकती है ।
(C) यदि यह प्रस्तावक के पास नहीं पहुँचती है तो इसका प्रतिसंहरण किया जा सकता है ।
(D) चाहे यह प्रस्तावक की जानकारी में आ भी जाये, इसका प्रतिसंहरण किया जा सकता है ।

**26.** कालातीत ऋण देने की प्रतिज्ञा

(A) प्रवर्तनीय नहीं है ।
(B) ऋणदाता की इच्छानुसार प्रवर्तनीय है ।
(C) अपवाद के अंतर्गत प्रवर्तनीय है ।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**27.** निम्नांकित कथनों में से कौन सा सही है ?

(A) संविदा के भंग होने पर तृतीय पक्ष सदैव वाद दायर कर सकता है ।
(B) बाजी के करार अवैध हैं ।
(C) जब सहमति स्वतन्त्र नहीं है, तो संविदा सदैव शून्यकरणीय होती है ।
(D) सूची पत्र प्रस्ताव का आमंत्रण है ।

**28.** इस प्रश्न में दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है । इन कथनों की जाँच करें और कूटों के सही संयोग का चयन करें ।

**अभिकथन (A) :** आंशिक स्वीकृति, स्वीकृति नहीं है ।

**कारण (R) :** स्वीकृति पूर्ण और शर्तरहित होनी चाहिये ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(B) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (R) सही है, परन्तु (A) गलत है ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** A counter offer is
(A) an invitation to offer
(B) an acceptance to offer
(C) a rejection of the offer
(D) a conditional acceptance

**30.** An agreement with minor is void, hence
(A) Minor is never allowed to enforce such agreement.
(B) Minor is allowed to enforce such agreement, if it was made for his benefit.
(C) Minor is always allowed to enforce such agreement.
(D) Minor is allowed to enforce such contract when other party makes no objection.

**31.** Tort is a violation of
(A) Right in personam
(B) Right in rem
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

**32.** Which of the following is not correctly matched ?
(A) ubi Jus ibi remedium – where there is a right there is a remedy
(B) res ipsa loquitur – things speak for themselves
(C) damnum sine injuria – damage without injury
(D) injuria sine damnum – injury with damage

**33.** Limitations on the scope of the doctrine volenti non-fit injuria are
(A) Rescue cases
(B) Statutory authority
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

**34.** Injustice would manifest itself if a person is held responsible for all consequences of his act. Therefore he is responsible only for consequences not too
(A) Remote
(B) Near
(C) In and around
(D) Far sighted

**35.** **A.** Law of Torts is concerned with allocation and distribution of losses and awarding compensation to the victim.
**R.** This is a branch of law governing actions for damages for injuries to private legal rights.
(A) A is correct, but R is wrong.
(B) R is correct, but A is wrong.
(C) Both A and R are correct.
(D) Both A and R are wrong.

**36.** **A.** The consequences of a wrongful act may be endless or there may be consequences of consequences.
**R.** The 'Test of reasonable foresight' is followed usually in such cases which is based on the Wagen Mound case.
(A) A is correct, but R is wrong.
(B) R is correct, but A is wrong.
(C) Both A and R are correct.
(D) Both A and R are wrong.

**37.** Conspiracy is an offence having mens rea without any actus rea ?
(A) Yes
(B) No
(C) Depends upon circumstances
(D) Depends upon judicial discretion

**38.** The right of private defence is available to
(A) The aggressor
(B) The person who has attacked
(C) The aggressor and the victim
(D) The act done in defence of a person who was attacked

**29.** प्रति-प्रस्ताव

(A) प्रस्ताव का आमन्त्रण है ।

(B) प्रस्ताव के लिये सहमति है ।

(C) प्रस्ताव की अस्वीकृति है ।

(D) सशर्त स्वीकृति है ।

**30.** अवयस्क के साथ की गई संविदा शून्य होती है, अत:

(A) अवयस्क कभी भी ऐसे करार का प्रवर्तन नहीं करवा सकता है ।

(B) अवयस्क ऐसे करार का प्रवर्तन करवा सकता है, यदि ऐसा करार उसके लाभ के लिये किया गया हो ।

(C) अवयस्क सदैव ऐसे करार का प्रवर्तन कर सकता है ।

(D) अवयस्क ऐसे करार का प्रवर्तन करवा सकता है, जब दूसरा पक्षकार कोई आपत्ति नहीं करे ।

**31.** अपकृत्य निम्नलिखित का उल्लंघन है :

(A) व्यक्तिलक्षी अधिकार

(B) लोकलक्षी अधिकार

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**32.** निम्नांकित में से कौन सा सही सुमेलित <u>नहीं</u> है ?

(A) उबी जस ईबी रैमेडियम – जहाँ अधिकार है, वहाँ उपचार है ।

(B) रेस इप्सा लॉक्युटर – घटनाएँ स्वयं बोलती हैं ।

(C) डैमनम साइन इन्ज्यूरिया – बिना क्षति के हानि

(D) इन्ज्युरिया साइन डैमनम – हानि सहित क्षति

**33.** <u>वैलेन्टी नॉन फिट इन्ज्युरिया</u> सिद्धान्त के परिक्षेत्र की सीमाएँ हैं

(A) बचाव के मामले

(B) सांविधिक सत्ता

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**34.** अन्याय अपने को प्रकट करेगा यदि व्यक्ति अपने कार्य के समस्त परिणामों के लिये जिम्मेदार ठहराया जाता है । अत: वह सिर्फ उन परिणामों के लिये जिम्मेदार है, जो अति

(A) दूरस्थ नहीं है ।

(B) समीप नहीं है ।

(C) आसपास नहीं है ।

(D) दूरदर्शी नहीं है ।

**35.** **A.** अपकृत्यों का कानून हानियों के बँटन एवं विभाजन के साथ और पीड़ित को क्षतिपूर्ति देने से सरोकार रखता है ।

**R.** यह उस विधि की शाखा है जो निजी कानूनी अधिकारों को क्षति की हानियों से सम्बन्धित कार्यों को शासित करती है ।

(A) A सही है, परन्तु R गलत है ।

(B) R सही है, परन्तु A गलत है ।

(C) A और R दोनों सही हैं ।

(D) A और R दोनों गलत हैं ।

**36.** **A.** अपकारी कार्य के परिणाम अनन्त हो सकते हैं अथवा परिणामों के परिणाम हो सकते हैं ।

**R.** ऐसे मामलों में सामान्यत: युक्तियुक्त दूरदर्शिता परीक्षण का पालन किया जाता है, जो कि <u>बैगन माउन्ड</u> केस पर आधारित है ।

(A) A सही है, परन्तु R गलत है ।

(B) R सही है, परन्तु A गलत है ।

(C) A और R दोनों सही हैं ।

(D) A और R दोनों गलत हैं ।

**37.** षड्यन्त्र एक अपराध है जो कृत्य की अनुपस्थिति में दुराशय रखता है ।

(A) हाँ

(B) नहीं

(C) परिस्थितियों पर निर्भर करता है ।

(D) न्यायिक संविवेक पर निर्भर करता है ।

**38.** निजी रक्षा का अधिकार निम्नलिखित को उपलब्ध है :

(A) आक्रामक ।

(B) वो व्यक्ति जिसने प्रहार किया है ।

(C) आक्रामक और पीड़ित ।

(D) जिस पर प्रहार किया गया है उस व्यक्ति की रक्षा में किये गये कार्य के विरुद्ध आक्रामक ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**39.** In abetment of an offence can be constituted by
(A) Instigation
(B) Conspiracy
(C) Intentional aid
(D) All the above

**40.** Buggery is an offence against
(A) Having carnal knowledge with a woman.
(B) Offence committed without use of force.
(C) Depravity against natural order of sex.
(D) Manipulation and movement of male organ.

**41.** Illicit intercourse implies
(A) Rape
(B) Prostitution
(C) Sex between two persons not united by lawful marriage
(D) Sex with a sleeping woman

**42.** A police officer arrested and detained a girl in the lock-up despite bail order. The police officer shall be guilty of
(A) Kidnapping
(B) Abduction
(C) Intimidation
(D) Wrongful confinement

**43.** **Assertion (A) :** Priest in a temple is a workman for the purposes of the Industrial Disputes Act.
**Reason (R) :** He cannot be considered as a workman as he is not doing any manual or clerical services to the devotees of the temple.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**44.** Consider the following judicial decision on the meaning of industry :
I. Indian Red Cross Society V. Additional Labour Court, Chandigarh.
II. Dhanrajgiri Hospital V. Workmen.
III. State of Punjab V. Kuldeep Singh.
IV. Prema Govinda V. Karnataka Small Scale Industries Association, Bangalore.

The correct order in which these judicial decisions were rendered is
(A) II, III, I and IV
(B) III, II, IV and I
(C) IV, III, I and II
(D) II, I, III and IV

**45.** Consider the following statements on industrial dispute.
I. Industrial dispute will subsist inspite of closure of industry.
II. An industrial dispute can arise when a demand is made by the workman and denied by the employer.
III. Once a dispute is referred for adjudication, the presumption is that it is an industrial dispute.
IV. Employer's failure to keep his verbal assurances is an industrial dispute.

**Codes :**
(A) I and II are correct.
(B) II and III are correct.
(C) III and IV are correct.
(D) I, II and III are correct.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**39.** अपराध का दुष्प्रेरण निम्नलिखित के द्वारा संस्थापित हो सकता है :
(A) उकसाना
(B) षड्यन्त्र
(C) साशय सहायता
(D) उपर्युक्त सभी

**40.** लौंडेबाजी निम्नलिखित के विरुद्ध अपराध है :
(A) स्त्री के साथ संभोग
(B) बल प्रयोग के बिना किया अपराध
(C) यौन की प्राकृतिक क्रम के विरुद्ध दुराचारिता
(D) पुरुष अंग का हस्तप्रयोग एवं गति

**41.** विधि विरुद्ध संभोग का आशय है
(A) बलात्कार
(B) वेश्यावृत्ति
(C) विधिवत विवाह द्वारा न जुड़े दो व्यक्तियों के बीच यौन सम्बन्ध
(D) निद्रा में या निष्क्रिय स्त्री के साथ यौन सम्बन्ध

**42.** पुलिस अफसर ने लड़की को गिरफ्तार किया और जमानत के आदेश के बावजूद उसे हवालात में रोके रखा । पुलिस अधिकारी निम्नलिखित का अपराधी है :
(A) व्यपहरण (B) अपहरण
(C) अभित्रास (D) सदोष परिरोध

**43.** **कथन (A)** : एक मंदिर का पुरोहित औद्योगिक विवाद अधिनियम के प्रयोजनों के लिए कर्मकार है ।
**कथन (R)** : उसे कर्मकार नहीं माना जा सकता, क्योंकि वह मंदिर के भक्तगणों के लिये कोई शारीरिक या लिपिकीय कार्य नहीं करता है ।
**कूट :**
(A) (A) एवं (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) एवं (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**44.** उद्योग के अर्थ पर निम्नलिखित न्यायिक निर्णयों पर विचार कीजिए :
I. इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी बनाम अतिरिक्त श्रम न्यायालय, चंडीगढ़
II. धनराजगिरि अस्पताल बनाम कर्मकार
III. पंजाब राज्य बनाम कुलदीप सिंह
IV. प्रेमागोविंदा बनाम कर्नाटक स्माल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसियेशन, बैंग्लोर

सही क्रम जिसमें ये निर्णय दिये गये थे हैं :
(A) II, III, I एवं IV
(B) III, II, IV एवं I
(C) IV, III, I एवं II
(D) II, I, III एवं IV

**45.** औद्योगिक विवाद सम्बन्धी निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
I. औद्योगिक विवाद बन्दी के बावजूद अस्तित्व में बना रहेगा ।
II. एक औद्योगिक विवाद उत्पन्न हो सकता है, जब कर्मकार के द्वारा कोई माँग की जाए और नियोजक उसका इंकार कर दे ।
III. जैसे ही किसी विवाद को न्याय-निर्णय के लिए निर्दिष्ट किया जाता है यह उपधारणा की जाती है कि यह एक औद्योगिक विवाद है ।
IV. नियोजक द्वारा स्वयं के मौखिक आश्वासनों को पूरा करने में विफलता एक औद्योगिक विवाद है ।

**कूट :**
(A) I एवं II सही हैं ।
(B) II एवं III सही हैं ।
(C) III एवं IV सही हैं ।
(D) I, II एवं III सही हैं ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**46.** Unfair labour practices mean any of the practices specified in the

(A) Fourth Schedule of the Industrial Disputes Act
(B) Fifth Schedule of the Industrial Disputes Act
(C) Sixth Schedule of the Industrial Disputes Act
(D) Third Schedule of the Industrial Disputes Act

**47.** Which of the following is not a leading case on immunity of trade unions from criminal proceedings ?

(A) Jay Engineering Works Ltd. V. State of West Bengal.
(B) Standard Chartered Grindlays Bank Ltd. V. Grindlays Bank Employees.
(C) Onkarnath Tiwari V. Chief Engineer, Minor Irrigation Department.
(D) Piperaich Sugar Mills Ltd.

**48.** Which of the following pairs are not matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Individual dispute whether industrial dispute | – | Newspapers Ltd. Allahabad V. Industrial Tribunal. |
| (B) | Meaning of Employer | – | Western Automobile Association V. Industrial Tribunal. |
| (C) | Solicitor's profession- not an industry | – | National Union of Commercial Employees V. Industrial Tribunal. |
| (D) | Go-Slow as a serious case of misconduct | – | Bijay Cotton Mills V. Workmen. |

Read the following paragraph and answer the Question Nos. **49** and **50**.

Protection of society and stamping out criminal proclivity must be the object of Law, which must be achieved by imposing appropriate sentence. Therefore, law as a cornerstone of the edifice of "order" should meet the challenges confronting the society. In operating the sentencing system law should adopt the corrective machinery or the deterrence based on factual matrix. By deft modulation sentencing process be stern where it should be and tempered with mercy where it warrants to be. The facts and given circumstances in each case, the nature of crime, the manner in which it was planned and committed, the motive for the commission of crime, the conduct of the accused, the nature of weapons used and all other attending circumstances are relevant facts which would enter into the area of consideration.

**49.** What is the object of law ?

(A) Safeguarding individual interests.
(B) Permitting the individual to earn and become rich.
(C) Protection of society and stamping out criminal proclivity.
(D) None of the above.

**50.** While imposing sentence what are the relevant considerations ?

(A) The nature of crime only
(B) The manner in which it was planned and committed only
(C) The motive for the commission of crime only
(D) All the above are relevant considerations

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

46. अनुचित श्रम व्यवहार से अभिप्रेत है निम्नलिखित में विनिर्दिष्ट कोई गतिविधि :
(A) औद्योगिक विवाद अधिनियम की चतुर्थ अनुसूची में ।
(B) औद्योगिक विवाद अधिनियम की पंचम अनुसूची में ।
(C) औद्योगिक विवाद अधिनियम की छठी अनुसूची में ।
(D) औद्योगिक विवाद अधिनियम की तृतीय अनुसूची में ।

47. निम्नलिखित में से कौन आपराधिक कार्यवाहियों से व्यवसाय संघों की उन्मुक्ति पर दिग्दर्शक वाद नहीं है ?
(A) जय इंजीनियरिंग वर्क्स लि. बनाम पश्चिमी बंगाल राज्य
(B) स्टैन्डर्ड चार्टर्ड ग्रिन्डलेज बैंक लि. बनाम ग्रिन्डलेज बैंक इम्प्लॉइज
(C) ओंकारनाथ तिवारी बनाम मुख्य इंजीनियर माइनर एरिगेशन डिपार्टमेंट
(D) पिपराइच सुगर मिल्स लिमिटेड

48. निम्नलिखित में से कौन युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | व्यक्तिगत विवाद औद्योगिक विवाद है । | – | न्यूज पेपर्स लिमिटेड, इलाहाबाद बनाम औद्योगिक अधिकरण |
| (B) | नियोजक का अर्थ | – | वेस्टर्न ऑटोमोबाइल ऐसोसियेशन बनाम औद्योगिक अधिकरण |
| (C) | सॉलिसिटर की वृत्ति, उद्योग नहीं है । | – | नेशनल यूनियन ऑफ कॉमर्शियल इम्प्लॉइज बनाम औद्योगिक अधिकरण |
| (D) | गो स्लो (धीमी गति से काम करना) गंभीर दुराचरण है । | – | विजय कॉटन मिल्स बनाम कर्मकार |

निम्नांकित परिच्छेद को पढ़िये और प्रश्न **49** एवं **50** का उत्तर दीजिए :

समाज का संरक्षण और आपराधिक प्रवणता को समूल नष्ट करना विधि का उद्देश्य होना चाहिये । इसे समुपयुक्त दण्डादेश के द्वारा प्राप्त किया जाना चाहिये । इसलिये विधि को, 'समादेश' के प्रासाद की नींव के रूप में, समाज के समक्ष चुनौतियों का मुकाबला करना चाहिये । दण्डादेश व्यवस्था को परिचालित करने में, विधि को, शोधक तन्त्र या तथ्यात्मक मैट्रिक्स के आधार पर निवारक को अपनाना चाहिये । दण्ड देने की प्रक्रिया दक्ष अधिमिश्रण के द्वारा सख्त होनी चाहिये । जहाँ पर दयाभाव को समाश्वासन देता है वहाँ उसे पूरा करे । प्रत्येक मामले में तथ्य और प्रदत्त परिस्थितियाँ, अपराध की प्रकृति, जिस ढंग से उसकी आयोजना की गई और उसे किया गया, अपराध के आयोग का प्रयोजन, अभियुक्त का आचार, उपयोग किए गए हथियार की प्रकृति और अन्य समस्त समानुवर्ती परिस्थितियाँ विलायक तथ्य हैं जो कि विचारणीय क्षेत्र में प्रवेश कर लेंगे ।

49. विधि का उद्देश्य क्या है ?
(A) व्यक्तिगत हितों की रक्षा करना ।
(B) व्यक्ति को कमाने और धनी बनने देना ।
(C) समाज का संरक्षण और आपराधिक प्रवणता को समूल नष्ट करना ।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

50. दण्डादेश अधिरोपित करते समय किन प्रासंगिक बातों का ध्यान रखना चाहिये ?
(A) सिर्फ अपराध की प्रकृति
(B) जिस ढंग से अपराध की योजना बनाई गई और उसे किया गया
(C) सिर्फ अपराध करने का प्रयोजन
(D) उपर्युक्त सभी ध्यान देने योग्य प्रासंगिक बातें हैं ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide